# न्यायालय तहसीलदार लवाण जिला दौसा (राज.)

## सरकार बनाम बाबूलाल पुत्र रामनारायण रैगर जाति रैगर नि.लवाण

मिसल न. 11/2023

निर्णय दिनांक-16.08.2023

आज पत्रावली निर्णय हेतु पेश हुई । प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि पटवारी हल्का लवाण ने रिपोर्ट राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 91 के तहत इस आशय की न्यायालय मे प्रस्तुत कि की अतिक्रमी बाबूलाल रैगर पुत्र रामनारायण जाति रैगर निवासी लवाण तहसील लवाण ने ग्राम लवाण के आराजी खसरा न. 5340/917 किस्म सिवायचक बंजड़ रकबा 0.06 है०, 5341/917 किस्म सिवायचक बंजड़ रकबा 0.04 है० भूमि पर संवत 2080 फसल वर्ष खरीफ मे रकबा 0.06 है० पर तारबंदी एवं रकबा 0.04 है० पर फसल बाजरा बोकर अतिक्रमण किया है । प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जाकर अतिक्रमी को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 91 के तहत नोटिस जारी किया गया । अतिक्रमी स्वयं उपस्थित हुआ । अतिक्रमी ने अतिक्रमण नहीं होने के संबंध मे कोई दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किये गये । जिससे राजकीय भूमि पर अतिचार करना सिद्ध होता है ।

मैंने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन एवं मनन किया तथा इस निष्कर्ष पर पहुँचा की अतिक्रमी का प्रशनगत राजकीय भूमि पर कोई टाइटल अथवा अधिकार सिद्ध नहीं होता है, तथा वह एक अतिचारी की हैसियत रखता है अतः उसे उक्त राजकीय भूमि पर से भौतिक रूप से बेदखल किया जाना अत्यंत आवश्यक है ।

अतः अतिक्रमी को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 91 की उपधारा (1)(2) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त अतिक्रमण शुदा रकबे पर अतिक्रमण कर तारबंदी व मौके पर खड़ी फसल बाजरा से भौतिक रूप से बेदखल किया जाने व उस पर लगान 0.25 रु. का 50 गुना 12.5 रु. अर्थात 13 रु. की शास्ति आरोपित की जाती है।

पत्रावली मांग कायमी हेतु तहसील राजस्व लेखाकार कार्यालय हाजा को भिजवाई जावे एवं शास्ति वसूली एवं फसल नीलामी खसरा हेतु भू.अ,निरीक्षक लवाण एवं पटवारी हल्का पटवार मण्डल लवाण को लिखा जावे । आज खुले न्यायालय मे आज दिनांक 16.08.2023 को सुनाया गया । पत्रावली पर कोर्ट फीस टिकट नम्बर से कम है। बाद तकमील लेख भण्डार हो ।

Signature Not Verified
Digitally signed by Dharm Singh Meena
Date: 2023.08.22 16:31:16 IST
Reason: SelfAttested

(नवल किशोर शर्मा)
तहसीलदार लवाण
जिला दौसा(राज.)

तहसीलदार लवाण
जि. दौसा (राज.)